न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (एसडीओ) बालोतरा

पीठासीन अधिकारी श्री विवेक व्यास आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन न0 **152/2023**

प्रार्थी :— राजस्थान सरकार जरिये भूमिधारक तहसीलदार पचपदरा

बनाम

विप्रार्थीगण :— अहमद, सदीक सुमान खा, हनीफ खां, पुत्र जला, मूसा पुत्र हकीम खां, वली मोहम्मद, शेर मोहम्मद पुत्र कादर खां, बरगत पुत्र उस्मान रहन पूर्ण हिस्सा पी.एन.बी.शाखा पचपदरा रोशन समदे खां, हबीब पुत्र इब्राहिम, हकीमो पत्नी इब्राहीम कंवरू पत्नी निबे खां, मोहम्मद खां वगै0

प्रार्थना पत्र धारा 130, 131, 136 भू—राजस्व अधिनियम सपठित नियम 59, 60, 66, 86 भू—अभिलेख नियम 1970

उपस्थिति :—
1. प्रार्थी, तहसीलदार पचपदरा
2. विप्रार्थीगण, एकतरफा ।

आदेश दिनांक :— 06.06.2023

प्रार्थी राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 130,131,136 भू— राजस्व अधिनियम सपठित नियम 60 भू अभिलेख नियम 1970 के तहत प्रस्तुत प्रार्थना—पत्र के संक्षेप्त में तथ्य इस प्रकार हैं कि राज्य सरकार के आदेश कमांक प3(2)राज—6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनांक 10.8.2016 के द्वारा राजकीय भूमि/खातेदारी भूमि मे वर्तमान मे चल रहे, बारहमासी रास्ते/ ग्रेवल सडक/ डामर सडक जो राजस्व रेकर्ड मे रास्ते मे रास्ते सडक के रूप मे अभिलिखित नही है, उसको रास्ते के रूप में दर्ज करने के आदेश प्रदान किये गये है के कमः मे प्रस्तुत कर ग्राम **राजीवनगर, पटवार हल्का नवोडा बेरा, भू.अ.निरीक्षक बडन**[illegible] ग्रेवल सड़क /डामर सड़क / बारहमासी रास्ता (जो [illegible]) प्रस्तावित [illegible] **खसरा संख्या 1731, 1732, 1719, 1721, 1724, 1718, 1728, 17**[illegible]**730, 1699 तक बारहमासी रास्ता चल रहा है ।**

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2023.06.29 14:24:28 IST
Reason: SelfAttested

उप खण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

लगातार..........

उक्त बारहमासी रास्ता ग्राम **राजीवनगर, पटवार हल्का नवोडा बेरा, भू.अ.निरीक्षक बडनावा** के खसरा संख्या **1731, 1732, 1719, 1721, 1724, 1718, 1728, 1725, 1730, 1699** भूमि में चल रहा है को प्रार्थना पत्र के संलग्न परिशिष्ट 'अ' व नक्शा परिशिष्ट ''ब'' अनुसार **ग्राम राजीव नगर के खसरा संख्या** 1731, 1732, 1719, 1721, 1724, 1718, **1728, 1725, 1730, 1699 तक बारहमासी चल रहे** रास्ता को सम्बन्धित खातेदारो की खातेदारी से परिशिष्ट ''अ'' में वर्णित विवरण अनुसार प्रार्थना पत्र स्वीकार करने का निवेदन किया गया।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। विप्रार्थीगण और से सहमती प्रार्थना पत्र पेश किया गया। प्रार्थना पत्र के संलग्न मौका फर्द रिपोर्ट , परिशिष्ट ''अ'' के तथा नक्शा परिशिष्ट ''ब'' सम्बन्धित खसरे की जमाबंदीया परिशिष्ट ''स'' है व समस्त विप्रार्थीगण की सहमती प्रार्थना पत्र । कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा अभियान पाटोदी व कार्यालय ग्राम पंचायत –नवोडा बैरा का प्रार्थना पत्र संलग्न है।

प्रार्थी राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा के निवेदन पर बहस सुनी गई पत्रावली का अवलोकन किया बाद अवलोकन एवं समूची स्थिति पर विवेचन किया गया। बहस पर मनन किया गया जिसमे पाया कि उक्त प्रकरण राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनांक 10.8.2016 के द्वारा राजकीय भूमि/खातेदारी भूमि मे वर्तमान मे चलं रहे बारहमासी रास्ते/ ग्रेवल सडक/ डामर सडक जो राजस्व रेकर्ड मे रास्ते मे रास्ते सडक के रूप मे अभिलि[illegible] नहा[illegible] मौके पर पुराने समय से रास्ता चालू हालत मे मौजूद है तथा आम जन [illegible] रास्ता के उपयोग/उपभोग मे ले रहे है, जो आम जन से सम्बन्ध है। विप्रार्थ[illegible] की सहमती होने से प्रार्थी का प्रार्थना को स्वीकार करना न्यायोचित प्रतीत होता है ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2023.06.29 14:24:28 IST
Reason: SelfAttested

(हस्ताक्षर)
उप खण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थना पत्र स्वीकार कर तहसीलदार पचपदरा को ग्राम **राजीवनगर, पटवार हल्का नवोडा बेरा, भू.अ.निरीक्षक बडनावा** के खसरा नं. **1731, 1732, 1719, 1721, 1724, 1718, 1728, 1725, 1730, 1699** भूमि में एक ग्रेवल सड़क /डामर सड़क / बारहमासी रास्ता **राजीव नगर के खसरा संख्या 1731, 1732, 1719, 1721, 1724, 1718, 1728, 1725, 1730, 1699 बारहमासी तक चल रहे को** प्रस्तावित परिशिष्ट 'अ' परिवर्तन खतौनी में वर्णित विवरण अनुसार रास्ता राजस्व रेकर्ड में अंकन करने का आदेश तहसीलदार पचपदरा को दिये जाते है। उक्त रास्ते का रकबा पूर्ववत अनुसार संबंधित खातेदारान के नाम खाते मे ही दर्ज रहेगा। तहसीलदार पचपदरा के द्वारा प्रस्तावित तरमीम खतोनी परिशिष्ट 'अ' एवं प्रस्तावित नजरी नक्शा परिशिष्ट 'ब' निर्णय का अभिन्न भाग रहेगा ।

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी (S.D.O.) * बालोतरा *

(विवेक व्यास)
उप अभिलेख अधिकारी,
(एसडीओ) बालोतरा

उपखण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

आदेश आज दिनांक 6.06.2023 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उप अभिलेख अधिकारी,
(एसडीओ) बालोतरा

उपखण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2023.06.29 14:24:28 IST
Reason: SelfAttested